हिन्दुस्तान मोटर्स के वाहनों की बिक्री बढ़ी

कोलकाता : सी.के. बिरला समूह की कंपनी हिन्दुस्तान मोटर्स की गत फरवरी महीने में वाहनों की बिक्री में काफी उछाल आया। कंपनी ने फरवरी महीने में कुल 826 पैसेंजर कार और लाइट कॉमर्शियल व्हिकल (एलसीवी) की बिक्री की जबकि वर्ष 2012 के फरवरी महीने में सिर्फ 310 इकाइयों की बिक्री दर्ज की गयी थी। कंपनी द्वारा जारी बयान के अनुसार जनवरी, 2012 में 366 वाहनों के मुकाबले जनवरी, 2013 में 748 वाहनों की बिक्री हुई। हिन्दुस्तान मोटर्स के एमडी व सीईओ उत्तम बोस ने कहा कि कंपनी की स्थिति धीरे-धीरे सुधर रही है।

Sanmarg, Kolkata, March 8, 2013